राष्ट्रीय सहारा (Rastriya Sahara)

दिनांक (Dated): 15.01.2025	पृष्ठ सं0 (Page No). 01	क्रम सं0(Serial No.) 7.

CISF की दो नई बटालियनों को मंजूरी

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्र सरकार ने हवाईअड्डों और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाले सीआईएसएफ के लिए 2000 से अधिक कर्मियों वाली दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। नई बटालियन के गठन के साथ ही बल के कर्मियों की संख्या लगभग 2 लाख कर्मियों तक पहुंच जाएगी।

सीआईएसएफ प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, गृह मंत्रालय ने दो नई बटालियनों के निर्माण को मंजूरी देकर सीआईएसएफ के महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, यह निर्णय हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन के साथ मिलकर बल की क्षमता में वृद्धि करेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और 2000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।